GOVERNMENT OF HARYANA/हरियाणा सरकार

# Directorate Elementary Education
# मौलिक शिक्षा निदेशालय

शिक्षा, संस्कृति एवं विकास
Education, Culture and Development

तमसो मा ज्योतिर्गमय
Lead me from Darkness to Light

E-mail: elementaryps@gmail.com - Site: www.harprathmik.gov.in

**ई–मेल**
**सेवा में,**

**राज्य के सभी,**
**जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी।**

यादी क्रमांक– 33/32–2022 पी0एस0 (ई0–1)
दिनांक पंचकूला :– 10.02.2026

**विषयः–** **नियम 134–ए के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र् 2015–16 से 2024–25 में मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में कक्षा दूसरी से आठवीं में दाखिल/प्रमोट हुए छात्रों की बकाया फीस प्रतिपूर्ति के सम्बन्ध में डाटा सत्यापन हेतु पोर्टल पुनः खोलने बारे।**

*******

उपरोक्त विषय पर निदेशालय के यादी क्रमांक– 33/32–2022 पी0एस0 (ई0–1), दिनांक 22.01.2026 के संदर्भ में।

विषयांकित मामले में हरियाणा विद्यालय शिक्षा नियमावली 2003 के नियम 134–ए के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र् 2015–16 से 2024–25 के दौरान कक्षा दूसरी से आठवीं तक मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में दाखिल/प्रमोट हुए छात्रों की बकाया फीस प्रतिपूर्ति हेतु प्राप्त क्लेमों के जिला स्तरीय कमेटी से डाटा सत्यापन करवाने की अंतिम तिथि 08.02.2026 रखी गई थी। परन्तु उक्त तिथि तक पोर्टल पर सभी विद्यालयों का डाटा सत्यापन नहीं होने के कारण डाटा सत्यापन हेतु **दिनांक 17.02.2026 तक** पोर्टल को पुनः खोला जा रहा है।

अतः आप सभी को अंतिम अवसर प्रदान करते हुए लिखा जाता है कि उक्त तिथि तक अपने–अपने जिले के विद्यालयों का डाटा सत्यापित करना सुनिश्चित करें ताकि विद्यालयों को बकाया राशि की प्रतिपूर्ति समय पर की जा सके।

कृपया इसे उच्च प्राथमिकता दें।

(हस्ताक्षर) 10-2-2026
अधीक्षक पी0एस0(ई0)
कृतेः निदेशक मौलिक शिक्षा हरियाणा,
पंचकूला

**पृष्ठांकन क्रमांक सम–** **दिनांक–**

उपरोक्त की एक प्रति संयुक्त निदेशक, आई0टी0सैल को भेजते हुए अनुरोध है कि नियम 134–ए के तहत प्रतिपूर्ति हेतु तैयार पोर्टल को **अंतिम तिथि 17.02.2026 तक** पुनः खोल दिया जाए ताकि जिला स्तरीय कमेटी द्वारा समय पर स्कूलों के क्लेम सत्यापित किये जा सकें।

हस्ता०
अधीक्षक पी0एस0 (ई0)
कृतेः निदेशक मौलिक शिक्षा हरियाणा,
पंचकूला।